राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, 'सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226027
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– 4520/241/DAY-NULM/तीन/2017 (SM&ID)IV दिनांक– 4-10-2019

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष
   जिला नगरीय विकास अभिकरण
   उ0प्र0।
2. समस्त परियोजना निदेशक/सी0पी0ओ0
   जिला नगरीय विकास अभिकरण
   उ0प्र0।

विषयः– अंगीकार अभियान के सफल संचालन के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक DAY-NULM भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संलग्न अर्द्ध शासकीय पत्र सं0– K-12013(11)/1/2017-UPA I दिनांक– 26.09.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उक्त पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत शुरूआत की गई अंगीकार अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, जल एवं ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यानाकर्षण के साथ सामाजिक व्यवहार परिवर्तन तथा बुनियादी मुद्दों पर वृहद सामाजिक गतिशीलता के माध्यम से जागरूक कर लाभान्वित किया जाना है। उक्त अभियान 02 अक्टूबर, 2019 से दिसम्बर 10, 2019 तक चलाया जायेगा।

3. अंगीकार अभियान की सफलता हेतु DAY-NULM के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों एवं सी0आर0पी0 की सक्रिय भागीदारी हेतु **"अंगीकार रिसोर्स पर्सन"** के रूप में इनका चयन किया जाये।

4. DAY-NULM के अन्तर्गत विशेष अभियान का संचालन कर **"अंगीकार अभियान"** से आच्छादित क्षेत्रों में नये SHG का गठन भी कराया जाय तथा उन समूह सदस्यों से कौशल प्रशिक्षण हेतु भी उनकी उम्मीदवारी एवं आवश्यकता की जानकारी ली जाय। शहर मिशन प्रबंधक क्षेत्रवार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से लाभान्वित लाभार्थियों की सूची लेकर उन्हें DAY-NULM के अन्तर्गत SHG में गठित होने के लिए सी0आर0पी0 एवं सन्दर्भ संस्थाओं के सहयोग से गतिशील कर SHG में गठित करायें।

5. PMAY(U) लाभार्थियों के क्षेत्रों का भ्रमण कर सम्पर्क किये गये लाभार्थियों से कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकता, कौशल विकास का क्षेत्र/ट्रेड की जानकारी भी एकत्र की जाये। भ्रमण एवं लाभार्थियों से सम्पर्क के उपरान्त भारत सरकार के एम0आई0एस0 पोर्टल पर एन्ट्री हेतु PMAY(U) के सम्पर्क किये गये लाभार्थियों की संख्या, गठित स्वयं सहायता समूहों की संख्या के साथ ही कौशल प्रशिक्षण हेतु चिन्हित लाभार्थियों का विवरण, सेक्टर, ट्रेड आदि का विवरण भी तैयार किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि "अंगीकार अभियान" को उपरोक्तानुसार सफलतापूर्वक संचालित कर PMAY(U) के लाभार्थियों को DAY-NULM से भी लाभान्वित किये जाने के सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक–यथोपरि।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, संयुक्त सचिव भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली को महोदय के अ0शा0 पत्र सं0– K-12013(11)/1/2017-UPA I दिनांक– 26.09.2019 के अनुक्रम में अवगतार्थ प्रेषित।
3. समस्त परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
4. सहायक वेबमास्टर सूडा को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक